PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Friday 27th June 2014, Page: 6
Width: 10.04 cms, Height: 5.37 cms, a4, Ref: pmin.2014-06-27.51.54

दवा निर्यात करने वाली कंपनी पर छापा

गाजियाबाद (ब्यूरो)। विश्व प्रसिद्ध दवा (साल्ट) निर्माता कंपनी सारा एक्सपोर्ट की मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट पर अफसरों ने छापामारी कर नमूने लिए। इसकी रिपोर्ट सूबे के ड्रग कंट्रोलर को भेज दी गई है। दूसरी ओर मानकों के उल्लंघन पर दो मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस सस्पेंड कर, दो को नोटिस दिया गया।

बृहस्पतिवार दोपहर सहायक आयुक्त मेडिसिन डा. एके जैन और डीआई डा. दीपक शर्मा ने टीम संग साउथ साइड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सारा एक्सपोर्ट लिमिटेड में छापामारी की। यूनिट में बनने वाले दर्द निवारक दवाओं के साल्ट को देश-विदेश की दवा कंपनियों को सप्लाई किया जाता है। विदेश में सप्लाई होने वाली दवा की गुणवत्ता बनाए रखने पर शासन का ज्यादा जोर है। इसे विदेशों में साख बनाए रखने के नजरिए से देखा जा रहा है।